www.govtjobsalert.in

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Center Name | Dr Tanveer Malawat Nursing College Bikaner |
| Test Date | 11/06/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** एक व्यापारी को एक शर्ट ₹950 में बेचने पर 5% की हानि हुई। उसे इसे ₹1,360 में बेचने पर x% का लाभ होगा। x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 36
✘ 2. 26
✘ 3. 51
✘ 4. 46

**Q.2** मास्की अशोक शिलालेख भारत के किस राज्य में स्थित है?

Ans
✘ 1. आंध्र प्रदेश
✘ 2. ओडिशा
✘ 3. बिहार
✔ 4. कर्नाटक

**Q.3** SDG इंडिया इंडेक्स 2023-24 के अनुसार, 2015-16 और 2019-21 के बीच बहुआयामी गरीबी में रहने वाली आबादी में कमी का अनुमानित प्रतिशत कितना था?

Ans
✔ 1. 24.8% से 14.96%
✘ 2. 15% से 10%
✘ 3. 30% से 20%
✘ 4. 20% से 12%

**Q.4** नवंबर 2024 में, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का नया महानिदेशक किसे नियुक्त किया गया?

Ans
✘ 1. आरके सिंह
✔ 2. आशीष खन्ना
✘ 3. उपेंद्र त्रिपाठी
✘ 4. अजय माथुर

**Q.5** नवंबर 2024 में, नीति (NITI) आयोग ने 'एक्सेलरेटिंग सस्टेनेबल स्टेट एनर्जी ट्रांजिशन (ASSET)' पहल शुरू की। इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
✔ 1. राज्यों को उनके नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता करना
✘ 2. शहरी क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने को बढ़ावा देना
✘ 3. राज्यों में परमाणु ऊर्जा अवसंरचना विकसित करना
✘ 4. औद्योगिक क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता बढ़ाना

www.govtjobsalert.in

www.govtjobsalert.in

Q.6 आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) रिपोर्ट के अनुसार, 2021-22 में महिलाओं के लिए श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) कितनी थी?

Ans
✗ 1. 14.8%
✗ 2. 42.7%
✓ 3. 32.8%
✗ 4. 23.5%

Q.7 यदि संख्या 3816427 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनने वाली नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
✗ 1. तीन
✗ 2. एक
✗ 3. चार
✓ 4. दो

Q.8 चतुर्भुज PQRS में, ∠P, ∠Q, ∠R और ∠S का क्रमिक अनुपात 2 : 8 : 3 : 7 है। PQRS किस प्रकार का चतुर्भुज है?

Ans
✗ 1. वर्ग
✗ 2. पतंग
✓ 3. समलंब
✗ 4. समचतुर्भुज

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे बड़ा है?

Ans
✗ 1. 37 : 64
✓ 2. 33 : 51
✗ 3. 26 : 59
✗ 4. 32 : 86

Q.10 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ पानी, गुलाबी है।
सभी गुलाबी, इमारतें हैं।
सभी इमारतें, ऊंची हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ गुलाबी, पानी है।
(II) कुछ इमारतें, गुलाबी हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✓ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.11 P, एक वृत्त के बाहर स्थित एक बिंदु है और उसके केंद्र से 17 cm की दूरी पर है। बिंदु P से खींची गई एक छेदक रेखा, वृत्त को बिंदु A और B पर इस प्रकार काटती है कि PA = 8 cm और AB = 7 cm है, जहाँ PB > PA है। वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 14 cm
✗ 2. 15 cm
✗ 3. 12 cm
✓ 4. 13 cm

www.govtjobsalert.in

**Q.12** अम्लीय माध्यम में, $MnO_4^- + Fe^{2+} \rightarrow Mn^{2+} + Fe^{3+}$ के लिए संतुलित रेडॉक्स अभिक्रिया को निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प संदर्भित करता है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. $MnO_4^- + Fe^{2+} \rightarrow MnO_2 + Fe^{3+}$
2. $MnO_4^- + 3Fe^{2+} + 2H^+ \rightarrow MnO_2 + Fe^{3+} + H_2O$
3. $MnO_4^- + 5Fe^{2+} + 8H^+ \rightarrow Mn^{2+} + 5Fe^{3+} + 4H_2O$ ✔
4. $MnO_4^- + 2Fe^{2+} + H_2O \rightarrow Mn^{2+} + Fe^{3+}$

**Q.13** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो जाए?

# : NHP :: RLT : %

Ans
1. # = OIQ , % = QKS ✔
2. # = OIR , % = QKS
3. # = OIQ , % = QLS
4. # = OIQ , % = QKR

**Q.14** अपनी सामान्य चाल की $\frac{5}{7}$ चाल से चलने पर मनीष अपने कार्यालय 20 मिनट देरी से पहुंचता है। अपने घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में उसे सामान्यतः कितना समय लगता है?

Ans
1. 42 मिनट
2. 50 मिनट ✔
3. 49 मिनट
4. 56 मिनट

**Q.15** यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

55 – 8 ÷ 3 + 15 × 5 = ?

Ans
1. 440 ✔
2. 450
3. 420
4. 400

**Q.16** C, O, U, N, T और Y एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर की मंजिल का क्रमांक 6 है। C से ऊपर केवल दो लोग रहते हैं। C और T के बीच केवल दो लोग रहते हैं। C और U के बीच केवल N रहता है। Y, C के ठीक नीचे रहता है। 2 नंबर वाली मंजिल पर कौन रहता है?

Ans
1. N
2. U
3. O ✔
4. T

**Q.17** यदि '÷' और '-' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '+' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

56 + 41 ÷ 12054 – 123 × 891 = ?

Ans
1. 1557
2. 3089 ✔
3. 1307
4. 811

www.govtjobsalert.in

Q.18 रणवीर इलाहाबादिया मामले (फरवरी 2025) में सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

www.govtjobsalert.in

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबादिया को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया, लेकिन उनकी टिप्पणियों को अश्लील और असभ्य बताते हुए उनकी कड़ी आलोचना की।
कोर्ट ने फैसला सुनाया कि इलाहाबादिया बिना किसी प्रतिबंध के विदेश यात्रा करने के लिए स्वतंत्र हैं, क्योंकि उनकी टिप्पणियां पेवॉल के तहत की गईं थीं।

Ans
- ✗ 1. 1 और 2 दोनों
- ✗ 2. न तो 1 और न ही 2
- ✓ 3. केवल 1
- ✗ 4. केवल 2

Q.19 निम्नलिखित में से किसने 2024 यूएस ओपन महिला एकल खिताब जीता?

Ans
- ✗ 1. इगा स्वेटेक (Iga Świątek)
- ✓ 2. अरीना सबालेंका (Aryna Sabalenka)
- ✗ 3. ऐलेना रयबाकिना (Elena Rybakina)
- ✗ 4. कोको गॉफ़ (Coco Gauff)

Q.20 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

ZYB GFI NMP UTW ?

Ans
- ✗ 1. ADB
- ✓ 2. BAD
- ✗ 3. ABD
- ✗ 4. BDA

Q.21 लघु वाद न्यायालयों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ 1. इन्हें सभी राज्यों में एक ही नाम से जाना जाता है।
- ✗ 2. ये मुख्य रूप से छोटे फौजदारी मामलों का निपटारा करते हैं।
- ✓ 3. इनके निर्णय अंतिम होते हैं लेकिन उच्च न्यायालय के संशोधन के अधीन हैं।
- ✗ 4. ये न्याय पंचायतों की अपीलों पर सुनवाई कर सकते हैं।

Q.22 दो क्रमागत धनात्मक पूर्णांकों का गुणनफल 960 है। यदि इन दो पूर्णांकों में से छोटे पूर्णांक को x द्वारा निरूपित किया जाता है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प x का मान ज्ञात करने के लिए समीकरण के संगत होगा?

Ans
- ✗ 1. $x^2 - x + 960 = 0$
- ✗ 2. $x^2 - x - 960 = 0$
- ✓ 3. $x^2 + x - 960 = 0$
- ✗ 4. $x^2 + x + 960 = 0$

Q.23 एक आदमी अपने मासिक वेतन का 40% घर के किराए पर खर्च करता है। यदि हर महीने वह ₹442 परिवहन पर और ₹9,115 किराने पर खर्च करता है और शेष ₹946 बचाता है, तो उसका मासिक वेतन कितना है?

Ans
- ✓ 1. ₹17,505
- ✗ 2. ₹17,475
- ✗ 3. ₹17,468
- ✗ 4. ₹17,603

Q.24 निम्नलिखित में से कौन-सा, 'घन वाद्य' नहीं है?

Ans
- ✗ 1. जलतरंग
- ✗ 2. मंजीरा
- ✗ 3. खड़ताल
- ✓ 4. मृदंगम

Q.25 फॉस्फोडाइएस्टर आबंध की कौन-सी विशेषता DNA अणु के समग्र ऋणात्मक आवेश में सबसे अधिक योगदान देती है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. राइबोज शर्करा
2. प्यूरीन में नाइट्रोजन
3. थाइमीन का मेथिल वर्ग
4. फॉस्फेट वर्ग के आयननीय ऑक्सीजन परमाणु

Q.26 एक निश्चित कूट भाषा में, 'PACE' को '2468' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'COST' को '1327' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 7
2. 6
3. 2
4. 1

Q.27 एमएस वर्ड 365 में सेलेक्ट किए गए टेक्स्ट को बोल्ड करने के लिए किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

Ans
1. Ctrl + I
2. Ctrl + D
3. Ctrl + U
4. Ctrl + B

Q.28 विंडोज 10 फ़ाइल एक्सप्लोरर में, आप फ़ाइलों को उनके प्रकार के आधार पर कैसे समूहीकृत कर सकते हैं?

Ans
1. 'Sort by' ऑप्शन का उपयोग करें और 'Name' सेलेक्ट करें
2. 'Group by' ऑप्शन का उपयोग करें और 'Type' सेलेक्ट करें
3. 'View' टैब का उपयोग करें और 'Details' सेलेक्ट करें
4. एक ही प्रकार की सभी फ़ाइलों का नाम बदलें

Q.29 किसी आंकड़ा समुच्चय का माध्य और बहुलक क्रमशः 47.4 और 61.6 है। मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करके आंकड़ा समुच्चय की माध्यिका ज्ञात करें।
(अपना उत्तर एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित करें।)

Ans
1. 51.7
2. 52.1
3. 52.7
4. 53.8

Q.30 "स्वदेश सेवक होम" निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय स्वतंत्रता पहल से संबंधित है?

Ans
1. गदर आंदोलन
2. स्वदेशी आंदोलन
3. असहयोग आंदोलन
4. होम रूल आंदोलन

Q.31 भारत में नगरपालिकाओं में प्रतिनिधियों का कार्यकाल कितना होता है?

Ans
1. 7 वर्ष
2. 5 वर्ष
3. 10 वर्ष
4. 3 वर्ष

www.govtjobsalert.in

Q.32 तीन संख्याओं का औसत 23 है। यदि दो संख्याएँ 11 और 25 हैं, तो तीसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 34
2. 35
3. 32
4. 33 ✔

Q.33 निम्नलिखित में से क्या लोक अदालत का एक लाभ नहीं है?

Ans
1. अपील का अधिकार होता है ✔
2. यहाँ मामलों का शीघ्र समाधान प्राप्त किया जा सकता है
3. यहाँ कोई न्यायालयी शुल्क नहीं लिया जाता है
4. इनके निर्णय बाध्यकारी होते हैं

Q.34 T क्रमशः 16 km/hr, 7 km/hr और 9 km/hr की चाल से 576 km, 630 km और 315 km की यात्रा तय करता है। उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $10\frac{70}{161}$
2. $9\frac{73}{161}$
3. $9\frac{72}{161}$ ✔
4. $10\frac{78}{161}$

Q.35 जब आप MS वर्ड में फॉर्मेट पेंटर टूल का उपयोग करते हैं तो निम्न में से क्या होता है?

Ans
1. यह एक हाइपरलिंक इन्सर्ट करता है।
2. यह पेज ओरिएंटेशन को बदलता है।
3. यह फ़ॉर्मेटिंग (जैसे, फ़ॉन्ट, कलर) को टेक्स्ट के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में कॉपी करता है। ✔
4. यह चयनित टेक्स्ट को डिलीट कर देता है।

Q.36 कितनी धनराशि (₹ में) 4% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 5 वर्षों में ₹720 हो जाएगी?

Ans
1. 3,600
2. 600 ✔
3. 550
4. 650

Q.37 पावरप्वाइंट में अपना कार्य सेव (save) करने की मानक विधि क्या है?

Ans
1. Design टैब से 'Save' चुनें
2. Insert टैब पर क्लिक करें
3. File टैब का उपयोग करें और 'Save' चुनें या Ctrl + S दबाएँ ✔
4. बिना सेव (Design) किये प्रोग्राम से बाहर निकलें

www.govtjobsalert.in

Q.38 निम्नलिखित संख्या-प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

www.govtjobsalert.in

(बाएं) 1 6 $ 1 * 6 5 9 6 % % 1 * * £ 2 * 6 5 $ @ 6 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
1. 4
2. 5
3. 3
4. 2

Q.39 सिंगफोस विद्रोह (Singphos' Rebellion) वर्तमान भारत के किस क्षेत्र से संबंधित है?

Ans
1. मणिपुर
2. अरुणाचल प्रदेश
3. त्रिपुरा
4. असम

Q.40 एक निश्चित तर्क के अनुसार 35, 70 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 24, 48 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 11, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
1. 23
2. 22
3. 20
4. 21

Q.41 निम्नलिखित में से कौन-सी वृक्ष प्रजाति, भारत में पर्णपाती वनस्पति का एक उदाहरण है?

Ans
1. देवदार
2. साल
3. बबूल
4. बांस

Q.42 विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 22-B के तहत स्थायी लोक अदालत के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
1. स्थायी लोक अदालत का निर्णय पक्षकारों के लिए बाध्यकारी नहीं होता है।
2. स्थायी लोक अदालत केवल मध्यस्थ के रूप में कार्य कर सकती है तथा विवादों के संबंध में कोई फैसला नहीं सुना सकती है।
3. स्थायी लोक अदालत को फ़ौजदारी अपराधों से संबंधित विवादों पर क्षेत्राधिकार प्राप्त है।
4. स्थायी लोक अदालत एक निश्चित मौद्रिक सीमा (वर्तमान में ₹1 करोड़) तक के मामलों की ही सुनवाई कर सकती है।

Q.43 80% की छूट देने के बाद, एक ओवन का मूल्य ₹5,180 है। यदि कोई छूट नहीं दी जाती है, तो दुकानदार को 48% का लाभ होता है। ओवन का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 17,501
2. 17,502
3. 17,500
4. 17,503

www.govtjobsalert.in

Q.44 $\left(18 + 8\sqrt{2}\right)$ और $\left(15 - 2\sqrt{2}\right)$ के बीच माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. $\sqrt{238+120\sqrt{2}}$
2. $\sqrt{238+36\sqrt{2}}$
3. $\sqrt{238+110\sqrt{2}}$
4. $\sqrt{238+84\sqrt{2}}$ ✔

Q.45 A, B, C, D, R, S और T एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, R के दाईं ओर से चौथे स्थान पर बैठा है। T के बाईं ओर से गिनती करने पर T और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A, C के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। C और D का ठीक निकटतम पड़ोसी S है। S के बाईं ओर से गिनती करने पर B और S के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. तीन
2. दो
3. एक
4. चार ✔

Q.46 सात बॉक्स, D, E, F, G, S, T और U, एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। T और E के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल S को G के ऊपर रखा गया है। E के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। D को F के नीचे किसी स्थान पर लेकिन U के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। कौन-सा बॉक्स U के ऊपर तीसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans
1. D
2. F ✔
3. T
4. G

Q.47 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 236 758 230 563 263 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे छोटी संख्या के पहले अंक को सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक से घटाया जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
1. 5 ✔
2. 6
3. 4
4. 8

Q.48 दो धनात्मक संख्याओं के बीच 2858 का अंतर है। जब बड़ी संख्या को छोटी संख्या से विभाजित किया जाता है, तो भागफल 5 होता है और शेषफल 178 होता है। दी गई दो संख्याओं में से बड़ी संख्या और 3828 का HCF कितना है?

Ans
1. 12 ✔
2. 13
3. 11
4. 17

Q.49 एक लंब वृत्तीय शंकु का आयतन 1078 $cm^3$ है। यदि शंकु की ऊँचाई 21 cm है, तो शंकु का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi$ = 22/7 का उपयोग कीजिए)

Ans
1. $154\left(1+\sqrt{10}\right)\ cm^2$ ✔
2. $22\left(7+\sqrt{10}\right)\ cm^2$
3. 154 $cm^2$
4. $154\sqrt{10}\ cm^2$

www.govtjobsalert.in

Q.50 सात विषयों में अनवर के अंकों का औसत 75 है। विज्ञान को छोड़कर छह विषयों में उसका औसत 70 है। विज्ञान में उसे कितने अंक मिले?

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. 105

✘ 2. 107

✘ 3. 106

✘ 4. 104

Q.51 इस प्रश्न में, संख्याओं के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षरों और प्रतीकों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है।

| संख्या | 7 | 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | Z | Q | # | @ | % | $ | U |

शर्तें:
1. यदि पहला और दूसरा अंक सम है, तो दोनों को 'A' के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
2. यदि पहला और अंतिम अंक विषम है, तो दोनों को पहले अंक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
3. यदि तीसरा और चौथा अंक सम है, तो उनके कूटों को आपस में बदला जाना है।

निम्नलिखित अंकों के लिए कूटों का सही संयोजन (केवल उपयुक्त शर्त/शर्तों का अनुसरण करके) क्या होगा?

48719

Ans ✔ 1. A A Z J S

✘ 2. Q Q Z J S

✘ 3. % Q Z J S

✘ 4. % % Z J S

Q.52 निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।
77, 86, 89, 74, 69, 84, 87, 80, 60, 64, 79, 63, 83, 82, 81, 89, 80, 69, 73, 74, 87, 68, 74, 77, 67, 74

Ans ✔ 1. 74

✘ 2. 77

✘ 3. 89

✘ 4. 86

Q.53 फरवरी 2025 में, संसद में प्रसारण सेवा विनियमन विधेयक, 2023 पेश किया गया। इस मसौदा कानून के तहत एक प्रमुख प्रावधान क्या है?

Ans ✘ 1. 7 p.m. से 10 p.m. के बीच विदेशी सामग्री प्रसारित करने पर प्रतिबंध।

✘ 2. सभी प्रसारण विनियमन शक्तियों का राज्य सरकारों को हस्तांतरण

✔ 3. केबल, सैटेलाइट और ओटीटी प्लेटफार्मों का एकीकृत विनियमन

✘ 4. डिजिटल समाचार सामग्री की अनिवार्य पूर्व-सेंसरशिप

Q.54 A की आयु, और B की आयु के 4 गुने का योग 34 वर्ष है। जब A की आयु के 3 गुने को B की आयु के 7 गुने में जोड़ा जाता है, तो परिणाम 97 वर्ष होता है। A और B की आयु का योग (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans ✘ 1. 30

✔ 2. 31

✘ 3. 28

✘ 4. 33

www.govtjobsalert.in

Q.55 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

www.govtjobsalert.in

151 ÷ 3 + 168 × 8 − 145 = ?

Ans
1. 567
2. 547
3. 577 ✔
4. 557

Q.56 1833 के चार्टर एक्ट द्वारा __________।

Ans
1. मद्रास में एक पृथक सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना की गई
2. दिल्ली में एक अलग विधान सभा की स्थापना की गई
3. भारत में एक अलग विधि आयोग बनाया गया ✔
4. एक अलग संघीय न्यायालय बनाया गया

Q.57 संगम साहित्य में एतुत्तौके (Ettuttokai) के पहले पांच संकलनों (कुरुन्थोकै, नण्णिनै, अहनानरु, एनकुरुनूर और कलिथौके) का केंद्रीय विषय क्या है?

Ans
1. अकाम ✔
2. धर्म
3. पुरम
4. दर्शन

Q.58 भारत में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच राज्यसभा में सीटें आवंटित करने का प्राथमिक आधार निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
1. प्रत्येक राज्य का भौगोलिक क्षेत्र
2. प्रत्येक राज्य का आर्थिक योगदान
3. प्रत्येक राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की जनसंख्या ✔
4. जनसंख्या की साक्षरता दर

Q.59 एक पेड़ के आधार से 15 m दूर एक बिंदु से उस पेड़ के शीर्ष का उन्नयन कोण 45° है। पेड़ की ऊंचाई क्या है?

Ans
1. 18 m
2. 12 m
3. 15 m ✔
4. 10 m

Q.60 $34 \div \left\{4 \times \left(\frac{9}{9} \text{ of } \frac{9}{8}\right)\right\}$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{61}{9}$
2. $\frac{68}{9}$ ✔
3. $\frac{76}{9}$
4. $\frac{71}{9}$

www.govtjobsalert.in

Q.61 अक्षय के पास ₹1,218 हैं। उसने इसे अपने बेटों अर्जुन और कार्तिक में बाँट दिया और उन्हें इसे वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 10% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि अर्जुन और कार्तिक को क्रमशः 12 और 13 वर्ष बाद समान राशि प्राप्त हुई। अक्षय ने कार्तिक को कितनी राशि (₹ में) दी थी?

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. ₹580

✗ 2. ₹638

✗ 3. ₹430

✗ 4. ₹738

Q.62 P, Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परितः केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q के बाएं से गिनने पर T और Q के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। U, S के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। P, S के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। P, T के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। V, U का निकटतम पड़ोसी है। R के बाएं से गिनने पर Q और R के बीच कितने लोग बैठे हैं?

Ans ✗ 1. 3

✗ 2. 4

✔ 3. 2

✗ 4. 1

Q.63 विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2021 के आंकड़ों के अनुसार भारत में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा क्या थी?

Ans ✗ 1. 65.3 वर्ष

✗ 2. 72.1 वर्ष

✗ 3. 70.8 वर्ष

✔ 4. 67.3 वर्ष

Q.64 कौन सा आउटपुट डिवाइस विशेष रूप से उच्च गुणवत्ता वाले प्रिंटेंड ग्राफिक्स और टेक्स्ट को तैयार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है?

Ans ✔ 1. इंकजेट प्रिंटर

✗ 2. डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर

✗ 3. प्रोजेक्टर

✗ 4. जॉयस्टिक

Q.65 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

EK19, GM28, IO37, KQ46, ?

Ans ✔ 1. MS55

✗ 2. MR56

✗ 3. MR55

✗ 4. MS56

Q.66 दिसंबर 2024 में, संपूर्ण भारत, डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोकमग्न था। डॉ. मनमोहन सिंह पहली बार किस वर्ष भारत के प्रधानमंत्री बने थे?

Ans ✗ 1. 1999

✗ 2. 2001

✔ 3. 2004

✗ 4. 1991

www.govtjobsalert.in

Q.67 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। B के नीचे केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। B और G के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। E के ठीक ऊपर केवल A रखा गया है। F को D के नीचे किसी स्थान पर और C के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। C के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?

www.govtjobsalert.in

Ans
✗ 1. 2
✗ 2. 3
✗ 3. 4
✓ 4. 1

Q.68 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 144 743 290 258 799 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक से घटाया जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
✓ 1. −5
✗ 2. −4
✗ 3. −2
✗ 4. −6

Q.69 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

99 92 105 98 111 104 ? 110

Ans
✗ 1. 97
✗ 2. 92
✗ 3. 125
✓ 4. 117

Q.70 निम्नलिखित में से कौन-सी नदी, राजस्थान से होकर बहती है?

Ans
✗ 1. तापी
✗ 2. झेलम
✗ 3. तीस्ता
✓ 4. लूनी

Q.71 निम्नलिखित में से किस राज्य ने आजीविका बढ़ाने और पारिपर्यटन एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ₹50 करोड़ के बजट परिव्यय के साथ 'अमा सिमिलिपाल योजना' की घोषणा की?

Ans
✗ 1. मध्य प्रदेश
✗ 2. कर्नाटक
✗ 3. असम
✓ 4. ओडिशा

Q.72 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

402 400 396 390 382 ?

Ans
✗ 1. 376
✗ 2. 370
✓ 3. 372
✗ 4. 374

www.govtjobsalert.in

Q.73 ऐलुमिनियम के अंतर्गत अज्ञात तत्व (unknown element) के लिए रिक्त स्थान को क्या कहा जाता था?

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✗ 1. प्रोटो-ऐलुमिनियम (Proto-Aluminium)
- ✗ 2. नियो-ऐलुमिनियम (Neo-Aluminium)
- ✓ 3. एका-ऐलुमिनियम (Eka-Aluminium)
- ✗ 4. मेटा-ऐलुमिनियम (Meta-Aluminium)

Q.74 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LATE' को '8054' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TEAM' को '4087' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ 1. 8
- ✓ 2. 7
- ✗ 3. 4
- ✗ 4. 0

Q.75 भारत में मानसून की वापसी किस मौसमी परिवर्तन के कारण होती है?

Ans
- ✗ 1. ध्रुवीय धाराओं की वापसी
- ✗ 2. मानसून के आरंभ
- ✗ 3. दिन के तापमान में वृद्धि
- ✓ 4. ITCZ के दक्षिण की ओर स्थानांतरित होने

Q.76 पाइप A और पाइप B एक खाली टंकी को क्रमशः 84 मिनट और 36 मिनट में भर सकते हैं। पाइप A और पाइप B दोनों को एक साथ खोला जाता है। पाइप B को कितने समय बाद बंद कर देना चाहिए, ताकि खाली टंकी कुल 42 मिनट में पूरी तरह से भर जाए?

Ans
- ✓ 1. 18 मिनट
- ✗ 2. 15 मिनट
- ✗ 3. 12 मिनट
- ✗ 4. 24 मिनट

Q.77 निम्नलिखित में से किस शहर ने, दिसंबर 2024 में महत्वपूर्ण 20वें संवाद कार्यक्रम की मेजबानी की?

Ans
- ✗ 1. रियाद, सऊदी अरब
- ✗ 2. अबू धाबी, यूएई
- ✗ 3. दोहा, कतर
- ✓ 4. मनामा, बहरीन

Q.78 संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन (UNCLOS) के अनुसार, भारत का विशेष आर्थिक क्षेत्र (EEZ) __________ तक फैला हुआ है।

Ans
- ✗ 1. 500 समुद्री मील
- ✗ 2. 400 समुद्री मील
- ✓ 3. 200 समुद्री मील
- ✗ 4. 300 समुद्री मील

Q.79 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहो में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ 1. LKP
- ✗ 2. EFI
- ✗ 3. MNQ
- ✗ 4. QRU

www.govtjobsalert.in

Q.80 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

www.govtjobsalert.in

Ans
✗ 1. TQ–RO
✗ 2. NK–LI
✓ 3. KH–HH
✗ 4. YV–WT

Q.81 द्विघात समीकरण $2x^2 + 4x + 8 = 0$ के ___________ हैं।

Ans
✗ 1. दो समान वास्तविक मूल
✗ 2. दो भिन्न वास्तविक मूल
✓ 3. कोई वास्तविक मूल नहीं
✗ 4. 2 से अधिक वास्तविक मूल

Q.82 एक दुकानदार किसी वस्तु का मूल्य ₹5,960 अंकित करता है। यदि 9% की छूट देने के बाद भी उसे क्रय मूल्य पर 30% का लाभ होता है, तो क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹4,154
✗ 2. ₹4,142
✓ 3. ₹4,172
✗ 4. ₹4,277

Q.83 A किसी कार्य को 2 दिन में पूरा कर सकता है और B उसी कार्य को 52 दिन में पूरा कर सकता है। B ने अकेले 26 दिन कार्य किया और फिर कार्य छोड़ दिया। शेष कार्य को A अकेले कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

Ans
✓ 1. 1
✗ 2. 3
✗ 3. 4
✗ 4. 2

Q.84 29 और B का तृतीयानुपाती C है। यदि B, पहली तीन सम प्राकृत संख्याओं का योगफल है, तो C का मान ज्ञात कीजिए।
(दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
✗ 1. 3.85
✓ 2. 4.97
✗ 3. 3.53
✗ 4. 7.64

Q.85 मार्च 2025 में, निम्नलिखित में से किसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निजी सचिव नियुक्त किया गया?

Ans
✗ 1. अजय भादू
✗ 2. अंजू राठी
✗ 3. अमिताभ कांत
✓ 4. निधि तिवारी

Q.86 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में लिंग अनुपात कितना था?

Ans
✗ 1. प्रति 1000 पुरुषों पर 940 महिलाएँ
✗ 2. प्रति 1000 पुरुषों पर 950 महिलाएँ
✗ 3. प्रति 1000 पुरुषों पर 948 महिलाएँ
✓ 4. प्रति 1000 पुरुषों पर 943 महिलाएँ

www.govtjobsalert.in

Q.87 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 6 और 31 दोनों से विभाज्य है?

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. 3720

✗ 2. 4916

✗ 3. 2858

✗ 4. 2132

Q.88 भारत का कौन-सा राज्य भूटान और बांग्लादेश के साथ अपनी सीमा साझा करता है?

Ans ✗ 1. सिक्किम

✔ 2. असम

✗ 3. मिजोरम

✗ 4. मेघालय

Q.89 एक गाँव की जनसंख्या 1,10,000 थी। पहले वर्ष में इसमें 5% की वृद्धि हुई तथा दूसरे वर्ष में 25% की वृद्धि हुई। दो वर्ष बाद इसकी जनसंख्या _______ होगी।

Ans ✗ 1. 1,37,500

✗ 2. 1,43,000

✗ 3. 1,15,500

✔ 4. 1,44,375

Q.90 निम्नलिखित में से किसे, आगामी COP30 शिखर सम्मेलन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?

Ans ✔ 1. आंद्रे अरान्हा कोर्रा दो लागो (André Aranha Corrêa do Lago)

✗ 2. जायर बोलसोनारो (Jair Bolsonaro)

✗ 3. मरीना सिल्वा (Marina Silva)

✗ 4. लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा (Luiz Inácio Lula da Silva)

Q.91 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : NHO :: SMT : %

Ans ✗ 1. # = PJQ, % = QKS

✗ 2. # = PJQ, % = QLR

✔ 3. # = PJQ, % = QKR

✗ 4. # = PJO, % = QKR

Q.92 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर VBDP एक निश्चित तर्क के अनुसार ZWHK से संबंधित है। DRLF उसी तर्क के अनुसार HMPA से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए LHTV दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans ✗ 1. OCWR

✗ 2. QBYR

✗ 3. QDYP

✔ 4. PCXQ

Q.93 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : LIE :: SPL : %

Ans ✗ 1. # = PQH, % = GVI

✗ 2. # = OOI, % = PDF

✔ 3. # = OLH, % = PMI

✗ 4. # = OLT, % = OAI

www.govtjobsalert.in

Q.94 टाउन P, टाउन Q के पूर्व में है। टाउन Q, टाउन R के दक्षिण में है। टाउन R, टाउन S के पूर्व में है। टाउन S, टाउन T के पश्चिम में है। टाउन P, टाउन T के दक्षिण-पश्चिम में है। टाउन T के संबंध में टाउन R की स्थिति क्या है?

www.govtjobsalert.in

Ans
✗ 1. उत्तर
✗ 2. पूर्व
✓ 3. पश्चिम
✗ 4. दक्षिण

Q.95 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'M – N ÷ O + P × Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
✓ 1. पत्नी की माता के पिता का भाई
✗ 2. पत्नी की माता का पिता
✗ 3. पत्नी के पिता का भाई
✗ 4. पत्नी के पिता का पिता

Q.96 एक खोखला गोलाकार खोल 21 g/cm$^3$ घनत्व वाली धातु से बना है। इसकी आंतरिक और बाह्य त्रिज्याएं क्रमशः 8 cm और 9 cm हैं। खोल का वजन (kg में) कितना है?

( $\pi = \frac{22}{7}$ तथा घनत्व = द्रव्यमान/आयतन मानिए)

Ans
✓ 1. 19.096
✗ 2. 21.03
✗ 3. 16.096
✗ 4. 20.34

Q.97 श्रीमान T बिंदु D से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 3 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है, और फिर दाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 1 km ड्राइव करके बिंदु H पर रुक जाता है। बिंदु D पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✓ 1. 2 km, उत्तर की ओर
✗ 2. 2 km, दक्षिण की ओर
✗ 3. 7 km, पश्चिम की ओर
✗ 4. 5 km, पूर्व की ओर

Q.98 फरवरी 2025 में, कोलोन विश्वविद्यालय द्वारा पहचान किए गए प्रोटीन आइसोफॉर्म '1N4R tau' की खोज किसके लिए की जा रही थी?

Ans
✗ 1. सिकल सेल एनीमिया के उपचार
✗ 2. चिरकालिक वृक्क विकारों के प्रबंधन
✓ 3. अल्ज़ाइमर रोग के उपचार
✗ 4. इंसुलिन प्रतिरोध के निवारण

Q.99 वल्लभी के मैत्रक प्रारंभ में कौन थे?

Ans
✗ 1. एक स्वतंत्र साम्राज्य के शासक
✓ 2. गुप्तों के अधीनस्थ
✗ 3. गुप्तों के प्रतिद्वंद्वी
✗ 4. हूणों के अंश

www.govtjobsalert.in

Q.100 दिया गया है कि $146^{0.93} = x$, $146^{0.22} = y$ और $x^z = y^7$ है, तो z का मान लगभग कितना होगा?

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. 1.66

✘ 2. 5.05

✘ 3. 3.6

✘ 4. 2.61

www.govtjobsalert.in